LATEST NEWS

Election

Date : 13th Feb. 2026

Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक नवज्योति
Jaipur City - 13 Feb 2026 - Page 7

अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन अब 21 को

ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) के अन्तर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी की जगह 21 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को तय किया गया है।

पंजाब केसरी
FRI,13 FEBRUARY 2026
EDITION: JAIPUR, PAGE NO. 5

अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन अब 21 को

जयपुर, 12 फरवरी (विसं) : प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण:2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी के बजाय 21 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 14 फरवरी के स्थान पर अब 21 फरवरी को किया जाएगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण

ब्रीफ न्यूज

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 21 को

जयपुर@पत्रिका. प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी के बजाय 21 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन अब 21 फरवरी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मतदाता सूचियां तैयार नहीं होने के कारण अवधि बढ़ाई गई है।

रोल पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

किशनगढ़ बास। रोल पर्यवेक्षक नवीन जैन ने गुरुवार को उपखंड कार्यालय किशनगढ़ बास में सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर से पूर्व मतदाताओं की संख्या, पुनरीक्षण के दौरान एएसडी मतदाताओं के आंकड़े, प्रारूप प्रकाशन में शामिल मतदाताओं की संख्या तथा क्लेम और ऑब्जेक्शन से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। रोल पर्यवेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनरीक्षण कार्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। बैठक के बाद रोल पर्यवेक्षक नवीन जैन ने एसडीएम मनीष जाटव, तहसीलदार सुभाष यादव के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बम्बोरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 244, 245, 246 और 247 एवीएन राज्य के बालिका उच्च मध्यमिक विद्यालय तिजारा स्थित मतदान केंद्र 237, 240, 241,242 का निरीक्षण किया।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2026

अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन अब 21 को

मरुलहर न्यूज

जयपुर/बालोतरा। प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम झ्र 2026 के अंतर्गत मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी के बजाय 21 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रदेश में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 14.02.2026 के स्थान पर अब दिनांक 21.02.2026 को किया जायेगा।